**देश में टेलीफोन का अनुपात**

718. **श्री राम जेठमलानी :**

**श्रीमती सुषमा स्वराज :**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में आज प्रति एक हजार व्यक्तियों में से केवल पांच व्यक्तियों के पास टेलीफोन सुविधायें उपलब्ध हैं;

(ख) क्या यह सच है कि सरकार ने इस प्रतिशत में नियमित रूप से वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित किया है; और

(ग) यदि हां तो आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के अन्त में प्रति हजार व्यक्तियों में से कितने व्यक्तियों को टेलीफोन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

**संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू)** : (क) 31-3-92 की स्थिति के अनुसार देश में एक हजार व्यक्तियों में से लगभग 7 के पास टेलीफोन की सुविधा है।

(ख) और (ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना मसौदे में प्रस्तावित नये टेलीफोन कनेक्शनों के लिए 75 लाख का लक्ष्य रखा है। इससे आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के अंत तक टेलीफोन का घनत्व प्रति 1000 व्यक्तियों में से 14 तक पहुंच जाएगा ।

**स्थानीय और अन्तर्राष्ट्रीय कालों की लागत**

819. **श्री राम जेठमलानी :**

**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रत्येक स्थानीय काल की लागत मात्र 63 पैसे आंकी गयी है;

(ख) यदि नहीं तो प्रत्येक स्थानीय काल की लागत के संबंध सरकारी आकलन क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि विभाग द्वारा इस काल के लिए उपभोक्ताओं से 80 पैसे से 110 पैसे तक प्रभार लिया जा रहा है और इसी प्रकार यह आकलन किया गया है कि प्रत्येक अन्तर्राष्ट्रीय काल पर प्रति मिनट लागत मात्र 27.30 रुपये आंकी गई है जबकि उसके लिए उपभोक्ताओं से 40 रुपये से 48 रुपये तक प्रभार लिया जा रहा है; और

(घ) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या है और गत कुछ महीनों के दौरान टेलीफोन काल की दरों में वृद्धि किये जाने के क्या कारण हैं ?

**संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू)** : (क) और (ख) जी, नहीं। प्रति टेलीफोन काल पर लगभग रु० 0.90 की लागत आती है।

(ग) और (घ) एक द्विमासिक अवधि में 150 निःशुल्क कालों के बाद 1000 कालों तक रु० 0.08 प्रतिकाल और 1000 कालों से अधिक कालों पर रु० 1.10 प्रतिकाल के हिसाब से प्रभार लिए जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कालों के संबंध में रु० 27.30 प्रतिमिनट की लागत 1986-87 के आंकड़ों पर आधारित है। अद्यतन स्थिति में आज की लागत अपेक्षाकृत बहुत अधिक होगी। इस समय अंतर्राष्ट्रीय कालों के लिए निम्नलिखित दरों से प्रभार वसूल किए जाते हैं :—

| | प्रचालक की सहायता से मिलाई जाने वाली काल (प्रति मिनट) | सीधे डायल की जाने वाली काल (आईएसडी) और पल्स रेट |
|---|---|---|
| (1) (i) दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संगठन के देश | रु० 26 | 2 सेकिण्ड |
| (ii) अन्य पड़ोसी देश | रु० 30 | 2 सेकिण्ड |
| (2) एशिया, ओशिएना, यूरोप और अफ्रीकी देश | रु० 50 | 1.2 सेकिण्ड |
| (3) अमरीकी देश | रु० 60 | 1 सेकिण्ड |

विभाग ने 1-4-1990 के बाद टेलीफोन कालों की दर में कोई वृद्धि नहीं की है।